### चौरई और जुन्नारदेव में दर्दनाक घटनाएं, दो की मौत, एक का शव मिला, एक की तलाश जारी, सुरक्षा इंतजामों की कमी बनी कारण

# दो जल हादसों ने झकझोरा, चार किशोर डूबे, प्रशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव/चौरई

छिंदवाड़ा जिले में बुधवार को हुए दो अलग-अलग जल हादसों ने पूरे जिले को गहरे सदमे में डाल दिया। चौरई और जुन्नारदेव क्षेत्र में हुए इन दर्दनाक हादसों में चार किशोर गहरे पानी में डूब गए। इनमें से दो किशोरों की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य की तलाश के लिए पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। इन घटनाओं ने एक बार फिर जिले में जल स्त्रोतों और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। पहला हादसा चौरई थाना क्षेत्र के बेलखेड़ा स्थित प्रसिद्ध घोघरा वॉटरफॉल में हुआ। जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी 14 वर्षीय गौरव डेहरिया और 17 वर्षीय विनायक गुप्ता अपने परिवार के साथ घूमने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दोनों किशोर वॉटरफॉल के पास मोबाइल से रील बना रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी की अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण दोनों कुछ ही पलों में आंखों से ओझल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौरई पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों और बचाव दल की मदद से देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।



हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और पर्यटक एकत्र हो गए। किशोरों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रशासन की टीम ने काफी मशक्कत के बाद एक किशोर के शव को बाहर निकाला, जबकि दूसरे की तलाश देर रात तक जारी रही।

दूसरी घटना जुन्नारदेव थाना क्षेत्र की डूंगरिया चौकी अंतर्गत खदान के पास बने एक गहरे तालाब में हुई। यहां कुछ युवक जन्मदिन पार्टी मनाने पहुंचे थे। पार्टी के दौरान सभी युवक तालाब में नहाने उतर गए। इसी बीच दो किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। देर रात तक चले रेस्क्यू अभियान में एक किशोर का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश गुरुवार सुबह फिर शुरू की गई। दोनों घटनाओं ने जिलेभर में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि जिले के वॉटरफॉल, डैम और खदान क्षेत्रों में हर साल इस तरह के हादसे होते हैं, लेकिन प्रशासन सिर्फ हादसों के बाद औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिन स्थानों को पहले से खतरनाक घोषित किया गया है, वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

#### नहीं लगाए गए चेतावनी बोर्ड

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि घोघरा वॉटरफॉल, खदान तालाब और अन्य जल क्षेत्रों में न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा गार्ड या बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था है। कई स्थानों पर पर्यटक बिना किसी रोक-टोक के गहरे पानी के बेहद करीब पहुंच जाते हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना रहता है।

#### प्रशासन की तैयारियां साबित हो रही नाकाफी

लोगों ने बरगी डेम हादसे का भी जिक्र किया, जहां कुछ समय पहले बड़ा जल हादसा हुआ था। उस घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्ती और ठोस कदम उठाने का दावा किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं। लगातार हो रही घटनाएं यह साबित कर रही हैं कि प्रशासन की तैयारियां नाकाफी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी और छुट्टियों के दौरान जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में संवेदनशील स्थानों पर प्रशिक्षित लाइफगार्ड, रेस्क्यू टीम, चेतावनी संकेत और प्रतिबंधित क्षेत्रों की स्पष्ट पहचान बेहद जरूरी है। साथ ही युवाओं और किशोरों में सोशल मीडिया के लिए रील बनाने की बढ़ती होड़ भी हादसों का कारण बन रही है। कई बार लोग खतरनाक जगहों पर जाकर वीडियो बनाने की कोशिश करते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

#### हादसों में प्रभावित परिवार सदमे में

इन दर्दनाक हादसों के बाद जिलेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी खतरनाक जल क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए और वहां तत्काल सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में और भी बड़ी घटनाएं सामने आ सकती हैं। लिहाल दोनों हादसों से प्रभावित परिवार गहरे सदमे में हैं और पूरा जिला इन मासूम किशोरों के लिए शोक व्यक्त कर रहा है।

### ठेकेदारों से मजबूत नेटवर्क की चर्चा तेज

## स्थानांतरण के बाद भी पुराने क्षेत्र में सक्रिय अधिकारी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा





शासन और प्रशासन द्वारा समय-समय पर अधिकारियों के स्थानांतरण का मुख्य उद्देश्य कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना और अधिकारियों में नई ऊर्जा का संचार करना होता है। लंबे समय तक एक ही स्थान पर जमे रहने वाले अधिकारियों पर अक्सर स्थानीय स्तर पर नेटवर्क खड़ा कर प्रभावशाली व्यवस्था बनाने के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे ही एक मामले ने इन दिनों वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) पेंच क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है।

जानकारी के अनुसार डब्ल्यूसीएल के अधिकारी सत्येंद्र प्रसाद सिंह उर्फ एस.पी. सिंह, जो पिछले लगभग 15 वर्षों से पेंच क्षेत्र में पदस्थ रहे, उनका हाल ही में चंद्रपुर क्षेत्र में स्थानांतरण किया गया था। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने वहां जाकर ज्वाइनिंग भी दे दी, लेकिन उसके बाद छुट्टी लेकर पुनः पेंच क्षेत्र में सक्रिय होने की कोशिशें शुरू कर दीं। यही स्थिति अब कई सवाल खड़े कर रही है।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि अधिकारी का लंबे समय से क्षेत्र में ठेकेदारों और सप्लायरों के साथ मजबूत नेटवर्क बना हुआ है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि इसी प्रभाव और कथित लेनदेन के आधार पर वह अपना ट्रांसफर रद्द करवाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारी लगातार पुराने क्षेत्र में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर संपर्क साधकर अपनी पकड़ बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि जब शासन द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी कर अधिकारी को नई जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है, तो फिर पुराने क्षेत्र में उनकी लगातार सक्रियता आखिर किस उद्देश्य से है। लोगों का मानना है कि यदि किसी अधिकारी को वर्षों तक एक ही क्षेत्र में बने रहने दिया जाए तो वहां प्रभाव, दबाव और लेनदेन की ऐसी स्थिति बन जाती है, जिससे पारदर्शी व्यवस्था प्रभावित होती है। सूत्रों का यह भी दावा है कि अधिकारी की ठेकेदारों के बीच गहरी पैठ होने के कारण क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र में लगातार उनकी मौजूदगी और सक्रियता ने संदेह जरूर पैदा कर दिया है।

अब देखना यह होगा कि डब्ल्यूसीएल प्रबंधन और उच्च अधिकारी इस पूरे मामले को किस तरह लेते हैं। यदि स्थानांतरण के बाद भी कोई अधिकारी पुराने क्षेत्र में प्रभाव बनाए रखने का प्रयास करता है, तो यह शासन की मंशा और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों पर सवाल खड़े करता है। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच और स्पष्ट कार्रवाई ही स्थिति को पारदर्शी बना सकती है।

## नाहरझिर तालाब क्षेत्र में अवैध रूप से किया था प्रवेश

### पेंच पार्क के प्रतिबंधित क्षेत्र में कर रहे थे मछली का शिकार, पकड़ाए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

**पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत गेम रेंज गुमतरा के परिक्षेत्र सहायक वृत्त जमतरा की बीट नाहरझिर अंतर्गत कक्ष क्रमांक 1421 स्थित प्रतिबंधित कोर क्षेत्र नाहरझिर तालाब क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर मछलियों का शिकार करने के मामले में वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।**



प्रकरण में आरोपी फेली पिता लाखन वर्मा निवासी तितरी थाना चांद जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। उक्त घटना पेंच टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित कोर क्षेत्र की है जहाँ बिना वैध अनुज्ञप्ति किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा यह कानूनन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। सूचना पर वन विभाग के मैदानी स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय छिंदवाड़ा में पेश किया जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसडीओ अतुल पारधी ने बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा गया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

श्री पारधी ने बताया कि पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा अपील की गई है कि वे प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में प्रवेश न करें तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण संबंधी नियमों का पालन करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें।

### नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बदली गांवों की तस्वीर: साहू

**छिन्दवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने के साथ ही लोगों को भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू ने गूरूवार को छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में विभिन्न स्थानों पर बैठके लेते हुए गावों को प्रबुद्धजनों से मुलाकात करते हुए उनका सम्मान किया। इस दौरान बैठकों को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते गांवों की तस्वीर बदल गई है। अब गांवों भी शहर का रूप लेने लगे है। सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा जिले की परासिया विधानसभा के मंडल पटपड़ा के बूथ इटावा, उमरेठ मंडल के बूथ खुकरिया माल व जुन्नारदेव विधानसभा के ग्राम मोहगांव किसन सहित पांढुर्णा विधानसभा के सावरी मंडल के शक्ति केन्द्र हीरावाड़ी में मंडल के मैनीखापा की ग्राम पंचायत उमरडोल गांवों के प्रबुद्धजनों से मुलाकात करते हुए बैठक ली।

### पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या

**दमुआ-** श्री सती अनुसुईया माता मंदिर दमुआ प्रांगण में अधिमास के पावन पर्व पर पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या कथा व्यास श्री अनुग्रह सागर जी महाराज जी के द्वारा पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या 28 मई दिन गुरूवार से प्रारम्भ है जो कि 2 जून दिन सोमवार तक महाराज जी के द्वारा जारी रहेगी पंचधुनी अग्नि तपस्या में कंडो के बने पांच जलते हुए घेरो के बीच में पांच प्रकार की कंडो से बनी अग्नि के बीच बैठकर 3 घंटे तक निरन्तर तपस्या कर रहे है। भगवान महादेव जी की अराधना जाप तप में लीन होकर तपस्या कर रहे है। जब महाराज जी तपस्या करते है तब वे अन्न जल का सेवन तक नही करते है कि जबकि इस प्रचण्ड गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक लगातार तीन घंटे धूनी तपस्या मंत्रा के उच्चारण के साथ इस भीषण गर्मी में अग्निके बीच बैठकर तपस्या करना बहुत अधिक कठिन होता है। "इंसान इस भीषण गर्मी में ऐसी, कूलर के बिना नही रह पाता किन्तु महाराज जी पांच दिवस पंचधुनी अग्नि तपस्या में लीन रह रहे है " जिस प्रकार अग्नि रूपी तत्व से भोजन की सभी अशुद्धियों का नाश हो जाता है ठीक उसी प्रकार तपस्या रूपी तप से हमारे सभी पापो का नाश हो जाता है पूण्य अर्जित होता है केवल तपस्या ही ऐसा मार्ग है जो हमे सत्य की ओर लेकर जाता है सत्य अर्थात परमपिता परमेश्वर को पाता है जो केवल तपस्या से प्राप्त होती अर्थात जिस कार्य से मानव जीवन का कल्याण हो सके क्षेत्र को कल्याण हो अपने मन और जीवन को सही मार्ग की अग्रेषित करना ही तपस्या है। पंचधुनी अग्ति तपस्या परिक्रमा के लाभ- सभी पापो का नाश, कष्ट व बाधाओ से मुक्ति सुख शांति समृद्धि की प्राप्ति अपने पूर्वजो का उद्धार व आर्शिवाद अतः समस्त भक्तगणो से अनुरोध है कि पंचधुनी अग्नि तपस्या करने हेतु श्री अनुसुईया माता मंदिर दमुआ में अधिक से अधिक संख्या में पहुचंकर दर्शकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## रेत का अवैध परिवहन खनिज अधिकारी ने फिर पकड़े दो ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

जिला खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे की कार्यवाही लगातार जारी है । जिसके चलते गुरुवार को फिर दो ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन करते हुए खनिज टीम के हत्थे चढ़ गए । जिन्हें जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया ।



खनिज विभाग की कार्रवाई में रोजाना कहीं न कहीं अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर पकड़ में आ रहे हैं । जिससे साफ जाहिर है , कि इस कारोबार को करने वालों के हौसले इतने बुलंद है , कि बार - बार पकड़ में आने के बावजूद वे इस काम को छोड़ना नहीं चाहते । गुरुवार को तामिया के बिजौरी और देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांगीवाड़ा से 1 - 1 ट्रैक्टर पकड़ा गया है ।

बार - बार ऐसे मामले सामने आने को लेकर कुछ लोगों का कहना है , कि इस मामले में कठोर कार्रवाई जबतक नहीं होगी तबतक इस अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पाएगा । कुछ लोगों का यह भी कहना है , कि इस मामले में परिवहन विभाग को भी संज्ञान लेना चाहिए । क्योंकि देखने में आता है , कि इस कारोबार में संलिप्त ज्यादातर ट्रैक्टर कृषि कार्य के लिए खरीदे जाकर व्यावसायिक उपयोग में लिए जाते हैं , वह भी अवैध ।

### रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन में 3 ट्रेक्टर जप्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग छिन्दवाड़ा की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आज जिले के विकासखंड तामिया के बिजोरी में रेत का अवैध परिवहन करने पर 01 ट्रेक्टर को जप्त कर थाना तामिया की अभिरक्षा में खड़ा किया गया।

इसी प्रकार कुलबेहरा नदी गांगीवाड़ा में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 01 ट्रेक्टर को जप्त कर थाना देहात की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं कुलबेहरा नदी भरतादेव में रेत का अवैध उत्खनन करने पर 01 ट्रेक्टर को जप्त कर थाना कोतवाली की अभिरक्षा में आगामी कार्रवाई हेतु खड़ा किया गया। खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि उक्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत आगामी कार्रवाई के लिये प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्डों का किया दौरा जल सप्लाई का किया निरीक्षण

**जुन्नारदेव।** भीषण गर्मी में नगर के विभिन्न वार्डों में जल समस्या लगातार आ रही है। जिसका निरीक्षण करने स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष ने घर घर जाकर पेयजल सप्लाई की स्थिति का निरीक्षण किया।वार्ड क्रमांक 15 में जलप्रदाय वाटर सप्लाई जलप्रपात के बाद कुछ घरों में पानी नहीं मिलने की शिकायतें थी। अतः इस कारण नगर पालिका अध्यक्ष जलप्रदाय के समय स्वयं सुबह 7:00 बजे वार्ड में स्वयं पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात जिन घरों में पानी बराबर सप्लाई नहीं हुआ है ।वहां पर टैंकरों से पानी देने की व्यवस्था की गई।और तकनीकी खराबी को ठीक करने के लिए वार्ड वासियों को अस्वस्थ किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन यादव, पूर्व पार्षद शरद कारोलिया महेश साहू सहित उपस्थित रहे।

### संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग का दौरा

**जुन्नारदेव :** संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग जबलपुर के द्वारा नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव का निरीक्षण के लिए पहुंचे।जिसमें सर्वप्रथम निकाय अध्यक्ष रमेश सलोडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री नेहा धुर्वे, उपयंत्री अनुराग सरैया एवं नगर पालिका कर्मचारीयो के साथ टेंचिग ग्राउण्ड का भ्रमण किया गया। तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजना के मापदण्ड अनुसार संचालित गतिविधीयो का जायता लेते हुये,संतोषपद्र पाया गया है।तद्बोपरांत नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित हुये जहां नगर पालिका कर्मचारीयो / जनप्रतिनिधीयो अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन अमित यादव प्रमोद जी राजेंद्र सूर्यवंशी भाजपा नगर मंडल मंत्री देवेंद्र टांडेकर अरविंद परिहार के द्वारा संयुक्त संचालक महोदय का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। निरीक्षण पर आये संयुक्त संचालक महोदय के द्वारा कर्मचारीयो कि समीक्षा बैठक ली गई ।जिसमें संचालित विभिन्न योजना कि समीक्षा की गई। साथ ही योजनाओ के ठेकेदारो से उनकी समस्या को संज्ञान में लिया जाकर उनके निराकरण किये जाने हेतु बात कही गई है।

## दस लाख की कार में शराब तस्करी का खेल बेनकाब, दो आरोपी गिरफ्तार

### चौरई आबकारी अमले की बड़ी कार्रवाई : एक लाख की विदेशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

जिले के चौरई क्षेत्र में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। 27-28 मई की दरमियानी रात कपुर्धा रोड पर आबकारी टीम ने संदिग्ध चारपहिया वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें करीब एक लाख रुपये कीमत की विदेशी शराब बरामद हुई। कार्रवाई में लगभग दस लाख रुपये कीमत की कार भी जब्त की गई।



कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देश एवं सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष गश्ती अभियान के दौरान चौरई वृत्त प्रभारी राजेश सिंघल को वाहन संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। तलाशी के दौरान वाहन से चार पेटी रॉयल स्टेग, दो पेटी ऑफिसर्स चॉइस तथा दो पेटी मैजिक मूमेंट वोडका बरामद की गई।

वाहन में सवार चौरई निवासी प्रिंस जैन और कामती निवासी अंकित बेलवंशी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।पूछताछ में मुख्य आरोपी प्रिंस जैन ने अपने सहयोगियों के रूप में प्रांजल जैन सहित कुछ अन्य लोगों के नाम भी बताए हैं। आबकारी विभाग ने संकेत दिए हैं कि विवेचना के बाद इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।



## व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए गए दिशा निर्देश

# एसडीएम मिश्रा ने किया सवरनी के पशु हाट बाजार का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏩ सौसर

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में गुरुवार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौसर प्रियंक मिश्रा द्वारा ग्राम पंचायत सावरनी में आयोजित होने वाले प्रसिद्ध पशु हाट बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाजार परिसर में बुनियादी सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत देखी।निरीक्षण के दौरान एसडीएम मिश्रा ने हाट बाजार में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, पशुओं के ठहराव के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने व्यापारियों और स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए एसडीएम श्री प्रियंक मिश्रा ने कहा कि पशु हाट बाजार में दूर-दराज से आने वाले व्यापारियों और ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके लिए सभी आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं हर हाल में सुनिश्चित की जाएं। नियमित स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने के विशेष निर्देश दिए, ताकि बाजार सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### एक सेल्समेन के भरोसे चल रहीं तीन सोसायटी दुकानें

दमुआ। पुराना दमुआ सोसायटी, चिकटबर्री सोसायटी और रामपुर सोसायटी, दमुआ शासकीय उचित मूल्य दुकान याने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित दमुआ के अंतर्गत आने वाली सोसायटी दुकाने समय पर नहीं खुलती है। एक सैल्समेन के भरोसे तीन सोसायटी दुकाने चल रहीं है। हालात यह है कि मन माने तरह से सोसायटी दुकाने खोली जाती है कभी भी दुकाने खोलकर राशन का वितरण किया जाता है। राशन कार्ड धारियों को पता नहीं चलता कि सोसायटी दुकाने कब खुलती है और सोसायटी कब बंद हो जाती है। खास बात तो यह है कि सोसायटी दुकानों में सूचना नोटिस तक चस्पा नहीं किया जाता है। जिसके कारण वजह से पात्र राशन कार्ड धारियों को जानकारी नहीं मिल पाती है।जानकारी के आभाव में सोसायटी दुकानों के पात्र राशन कार्ड धारी ग्राहक फिजुल परेशान होते रहते है। कई राशन कार्ड धारी अपना किमती समय छोड़कर सोसायटी दुकान आते है।

### स्कॉलरशिप ई-केवाईसी बच्चों को शाला में दर्ज करने के सख्त निर्देश

सौंसर। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सभाकक्ष सौसर में नवीन पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी पी. एल. मेश्राम की अध्यक्षता में संकुल प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से छात्रवृत्ति, छात्र पंजीयन और विभागीय पोर्टलों को अपडेट करने की समय-सीमा तय करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पी. एल. मेश्राम ने विकासखंड के सभी शासकीय शालाओं के प्राचार्यों को निर्देशित किया कि 'नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल' के तहत संकुल स्तर पर विद्यार्थियों का ई-केवाईसी ) और बायोमेट्रिक सत्यापन का कार्य तत्काल पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही स्कॉलरशिप सैंक्शन (स्वीकृत) करने और वन टाइम रजिस्ट्रेशन जनरेट करने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया ताकि कोई भी पात्र छात्र योजना से वंचित न रहे। विकासखंड में कक्षा 8वीं के ऐसे 324 बच्चे चिन्हित हैं जो आगे दर्ज नहीं हुए हैं। डीईओ ने सख्त निर्देश दिए कि इन बच्चों को 'ड्रॉप बॉक्स' से हटाकर शासकीय शालाओं में नियमित दर्ज एडमिशन) करने साथ ही पोर्टल पर शालाओं की सही-सही पदस्थापना की त्रुटियों को सुधारने तथा वर्तमान में जातिगत जनगणना या अन्य कार्यों में लगे शिक्षकों की जानकारी गूगल ड्राइव एवं एजुकेशन पोर्टल पर तुरंत अपडेट करने को कहा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे ने भी विभिन्न छात्र-हितैषी योजनाओं की समीक्षा की। निशुल्क साइकिल वितरण,समेकित छात्रवृत्ति बैंक अपडेशन,मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरण,निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की प्रविष्टिआदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में प्राचार्य शैलजा बत्रा, विजय कुमार धुरडे, राधेश्याम सोनकुशरे, बबिता वस्त्राणे,जीतेश काले आदि थे।

## जल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



जुन्नारदेव। जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खाप स्वामी के ग्राम भुतहा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 26 मई 2026 को ग्राम में जल कलश यात्रा के साथ किया गया जल कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंची जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चना उपरांत श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुआ। भागवत कथा का वाचन आचार्य रोहितानंद महाराज श्री धाम वृंदावन द्वारा किया जा रहा है।प्रथम दिवस मंगलवार रात्रि में भागवत आचार्य द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का बखान किया गया। भागवत कथा का वाचन प्रति दिवस रात्रि 8 से 11:00 बजे तक किया जा रहा है कथा आयोजन समस्त ग्रामीण ग्राम पंचायत खापास्वामी के भुतहा छाबड़ी में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## यहां कचरा , वहां कचरा , जहां देखो वहां कचरा



परासिया :- परासिया शहर में नगर पालिका द्वारा बनाई जाने वाली व्यवस्थाएं लड़खड़ा गई है । फिर चाहे वह पानी की व्यवस्था हो या फिर सफाई की । शहर में जिधर देखो कचरे का ढेर लगा हुआ है । यह कहना है नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह का । नेता प्रतिपक्ष ने बताया , कि परासिया की परिषद को लोगों की सुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है । यहां लोगों को कोई भी सुविधा पाने के लिए परिषद के सामने मिन्नतें करनी पड़ती है । आंदोलन करना पड़ता है । लोगों को 10 से 12 दिनों के अंतराल में पानी मिल रहा है , वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं । वार्डों में कचरा उठाने वाहन नहीं पहुंच रहे हैं । जिससे हर तरफ गंदगी का अम्बार लगा हुआ है । इसी गंदगी के चलते बीमारियां फैल रही है । अधिकांश लोग कचरा नालों में फेंक रहे हैं । जिससे नाले जाम हो गए हैं । जिससे बारिश में पानी ओवर फ्लो होकर लोगों के घरों में घुसेगा । जैसा पहले हो चुका है । कचरा वाहनों की बात करो तो डीजल नहीं होने की बात कही जाती है । कई टिप्परों की मरम्मत नहीं हुई है । सारी व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही है । नेता प्रतिपक्ष ने मांग की है , कि व्यवस्थाएं जल्द नहीं सुधरी तो फिर आंदोलन किया जाएगा ।

# बंद दरवाज़ों के पीछे जागी नई उम्मीद, जेल में लायंस क्लब की सराहनीय पल



हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

गुरुवार को जिला जेल छिंदवाड़ा के सभा कक्ष में सम्मोहन और सकारात्मक चिंतन से बंदी भाइयों के जीवन में बदलाव की अनूठी पहल देखने को मिली।जहां लायंस क्लब इंटरनेशनल की शाखा लायंस क्लब परासिया - चाँदामेटा द्वारा बंदियों के हृदय परिवर्तन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी व्याख्यान एवं ध्यान - सत्र का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय था "बंद दरवाज़ों के पीछे से एक नई शुरुआत" ।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने महामंत्र श्री णमोकार के पाठ से किया, वहीं मुख्य वक्ता जाने - माने प्रशिक्षक एवं मोटिवेशनल स्पीकर पिंकेश पटोरिया जैन ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर विश्व शांति की मंगल कामना की। उन्होंने सम्मोहन एवं ध्यान प्रक्रिया के माध्यम से बंदियों को मानसिक शांति, आत्मचिंतन और सकारात्मक जीवन की दिशा में प्रेरित किया, सत्र के अंत में जेल परिसर का वातावरण पूरी तरह शांत और भावनात्मक दिखाई दिया।कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवी पूरन राजलानी, अनिल श्रीवास्तव अध्यक्ष, लायंस क्लब 2026 - 27, हरिशंकर साहू अध्यक्ष, लायंस क्लब, 2025 - 26, हरिकृष्ण पटेल कोषाध्यक्ष लायंस क्लब एवं प्रदीप सोनी की गरिमामय उपस्थिति रही।जिनका जेल अधीक्षक प्रतीक जैन एवं उप जेल अधीक्षक ज्ञानाशू भारतीय ने आत्मीय अभिनंदन किया ओर सफल आयोजन के लिये दीपक राज जैन सहित लायंस क्लब का आभार माना।

# हनुमान लोक जामसांवली धाम में गौसेवा का विराट संकल्पः गौमाता के लिए बन रहा विशाल शेड और कुआँ



हरिभूमि न्यूज ⏩ सौंसर

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध और चमत्कारिक हनुमान लोक जामसांवली में गौसेवा को समर्पित एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंदिर संस्थान द्वारा संचालित बजरंग गौशाला में गौमाता के लिए हरे और सूखे चारे की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशाल शेड का विस्तार कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, गौवंश को सालभर स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तालाब के किनारे एक बड़े कुएँ का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है।

गुरुवार को हनुमान मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव टीकाराम कारोकर,ट्रस्टी अजय धवले, मनोहर शेल्की,संजू डवरे ने बजरंग गौशाला का दौरा किया। पदाधिकारियों ने वहाँ चल रहे निर्माण कार्यों और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चारे, पानी और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पूरी गुणवत्ता और सेवा भावना के साथ समय पर पूरे किए जाएं। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि हनुमान लोक जामसांवली केवल आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि यह सेवा और संस्कारों का भी प्रेरणास्थल बन रहा है।

बजरंग गौशाला में गौमाता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यहाँ आधुनिक और स्थायी व्यवस्थाएं इसलिए विकसित की जा रही हैं ताकि गौवंश को हर मौसम में सुरक्षित आश्रय, भरपूर चारा और शुद्ध पेयजल मिल सके।गौशाला में चल रहे इन सेवा और विकास कार्यों की श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने जमकर सराहना की है।

### जल स्त्रोतों व कलशों का किया गया पूजन

वारासिवनी। म0 प्र0 जन अभियान परिषद जिला बालाघाट के अंतर्गत नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति वारासिवनी द्वारा सेक्टर क्र0 2 लिंगमारा में एवं प्रस्फुटन समितियों में जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर्व समारोह पूर्वक मनाते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसका निर्देशन जिला समन्वयक सुशील बर्मन विकासखण्ड समन्वयक सुरेन्द्र भगत एवं मार्गदर्शन निरंजन बिसेन अध्यक्ष नवांकुर संस्था द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रातः प्रस्फुटन समिति मुरमाड़ी सहित सभी प्रस्फुटन समितियों में जल स्त्रोतों का पूजन कलश यात्रा से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। दिन भर सभी प्रस्फुटन समितियों में अनेक कार्यक्रम संपन्न होते रहे।

## दो दिनों में 13 लोग घायल, बच्चों पर मंडरा रहा सर्वाधिक खतरा

# कटंगी क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक!

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमलों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। बीते दो दिनों में 13 लोग डॉग बाइट का शिकार हुए हैं। इनमें मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। ग्राम खजरी में गुरुवार को तीन बच्चों पर आवारा कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। जिससे गांव में भय का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। बच्चों पर सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है। बुधवार, 27 मई को बीसापुर, कन्हार टोला, कटेधरा, कामठी, मोहगांव, कोड़मी, कटंगी वार्ड क्रमांक 03, लोहमारा और उजाड़बोपली के 10 लोग आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हुए। वहीं गुरूवार को ग्राम खजरी में तीन बच्चों पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। उपचार के दौरान कुछ अभिभावक अस्पताल में एंटी रैबिज इंजेक्शन ना होने को लेकर भी विवाद करते हुए सुनाई दिए। हालांकि उपचार मिलने के बाद परिजनों का आक्रोश शांत हुआ।

प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार 27 मई को आवारा कुत्ते ने ग्राम बीसापुर में 08 वर्षीय अन्यया, कन्हार टोला में 60 वर्षीय सुखराम वाड़िवे, कटेधरा में 15 वर्षीय आरूषी ठाकरे, कामठी में 52 वर्षीय बिहारीलाल, मोहगांव में 40 वर्षीय मुकेश बिसेन, कोड़मी में 17 वर्षीय पीयूष भलावी, कटंगी वार्ड क्रमांक 03 में 69 वर्षीय लक्ष्मी वेदवानी, लोहमारा में 15 वर्षीय रंजित ठाकरे और 16 वर्षीय साहिल के अलावा उजाड़बोपली में 20 वर्षीय प्रकाश पर हमला कर घायल कर दिया। गुरुवार, 28 मई को ग्राम खजरी में संगम पिता गोविंद राहंगडाले (11 वर्ष) कृष्णा पिता पंकज अमूले (11 वर्ष) तोपेश पिता दुर्गेश तुरकर (12 वर्ष) इन



तीनों बच्चों पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। ग्राम खजरी में लोग मान रहे हैं कि हमला करने वाला कुत्ता पागल हो चुका है। ऐसे में बच्चे घरों से बाहर नहीं निकल रहे। महिलाएँ खेतों में जाने से डर रही हैं। बुजुर्गों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इन घटनाओं के बाद आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग फिर तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण हालात बिगड़ते जा रहे हैं। इन घटनाओं के बाद आवारा कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने, रेबीज रोकथाम के लिए कुत्तों का टीकाकरण किए जाने और आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए नसबंदी और दीर्घकालिक समाधान के लिए शेल्टर हाउस बनाने की मांग उठ रही है।

## पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया

# जिला पंचायत सदस्य डॉ गीता हनवत ने ग्राम पंचायत चंगेरा के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जिला पंचायत बालाघाट के क्षेत्र क्रमांक 12 की जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत लगतार अपने क्षेत्र का दौरा करते रहती है। इस दौरे के दौरान वह अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों में चल रहे विकास कार्यो, स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य शासकीय सेवाओं का निरीक्षण कर उनकी कमियों को दूर करने का प्रयास करती है।



अपने इसी भ्रमण के दौरान जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत ने ग्राम पंचायत चंगेरा के स्वास्थ्य केन्द्र और पंचायत में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने पहले स्वास्थ्य केन्द्र में पहुँच कर वहॉ पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से केन्द्र की व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की और वहॉ आने वाले मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा।

इसके साथ उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जॉच कराई और वहॉ पर कार्यरत कर्मचारियों को निर्देश दिया की ग्रामीणजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, उन्हें समय-समय पर दवाई वितरण, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, टी बी, सिकल सेल जैसे बीमारियों से निजात दिलाने की बात कही और ग्रामीणजनों से गर्मी की लू से बचने की अपील की।

स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने के बाद डॉ. गीता हनवत ने ग्राम पंचायत चंगेरा के सरपंच गौस अली खान, सचिव माणिक ठाकरे, ग्रामीणों लिखिराम जमरे, विजय ठकरेले आदि के साथ पंचायत क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की और विकास कार्यो का निरीक्षण भी किया।

# तीन दिन बाद झुकी व्यवस्थाः चौंदाटोला-जूनेवानी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी, ग्रामीणों ने खत्म किया अनशन

### नौतपा की भीषण गर्मी में डटे रहे ग्रामीण, विधायक के आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वर्षों से बदहाल पड़ी लांजी जनपद की ग्राम पंचायत टेमनी के चौंदाटोला-जूनेवानी सड़क को लेकर आखिरकार ग्रामीणों के संघर्ष का असर दिखाई दिया। ग्राम पंचायत टेमनी अंतर्गत चौंदाटोला से जूनेवानी तक जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर नौतपा की भीषण गर्मी में तीन दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीणों ने गुरुवार को अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा सड़क निर्माण को मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि से स्वीकृति मिलने और जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण धरने से उठे। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क की हालत वर्षों से इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात के दिनों में आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। मरीजों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। नौतपा की तपती गर्मी में भी महिलाएं, बुजुर्ग और युवा लगातार आंदोलन स्थल पर डटे रहे।

धरना स्थल पर पहुंचे लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चौंदाटोला-जूनेवानी मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मुख्यमंत्री विशिष्ट निधि से मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत को सड़क सुधार कार्य हेतु दो लाख रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। विधायक ने भावुक अंदाज में कहा कि यदि उनके कार्यकाल में यह सड़क नहीं बनी तो वे जनता के बीच वोट मांगने भी नहीं आएंगे।

धरना स्थल पर पहुंचे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के जीएम ने बताया कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव पहले ही भोपाल भेजा गया था और अब स्वीकृति प्रक्रिया पूरी होने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। विधायक राजकुमार कर्राहे ने ग्रामीणों के साथ चौंदाटोला से जूनेवानी तक सड़क का निरीक्षण भी किया और जल्द गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का भरोसा दिलाया। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि लंबे संघर्ष के बाद अब क्षेत्र को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# जनपद पंचायत वारासिवनी का प्रभार दो अधिकारियों के पास

### सारथी को आहरण व संवितरण अधिकार, तो सरैया को प्रशासनिक अधिकार सौंपा जिला पंचायत सीईओ ने, दो अधिकारियों के पास अधिकार होने से कार्यो में आ रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन के स्थानांतरण के बाद से स्थायी सीईओ नहीं आने के कारण जनपद के कार्यो पर विपरीत असर पड़ रहा है। जिससे पंचायतों के विकास कार्य बाधित हो रहे है और शिकायतों का निराकरण भी समय सीमा में नहीं हो पा रहा है।

विदित हो कि गत 19 जनवरी 26 को सीईओ सुश्री दीक्षा जैन का स्थानांतरण वारासिवनी से हो गया था। उनके स्थान पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा कटंगी जनपद पंचायत के सीईओ गायत्री कुमार सारथी को वारासिवनी जनपद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया था। जो कभी कभार ही वारासिवनी आते थे।

उसके बाद लांजी के सीईओ रामगोपाल यादव को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाकर वारासिवनी जनपद पंचायत भेजा गया था। जो मात्र एक सप्ताह तक ही सीईओ के पद पर रह पाए और मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग मंत्रालय वल्लभ भोपाल के 21 अप्रैल 26 के आदेश से उनकी नवीन पदस्थापना श्रम पदाधिकारी के रुप में कर दी गई। तो वह अपना पद छोड़ कर श्रम पदाधिकारी के पद का प्रभार लेने चले गए।

उनके जाने के बाद कलेक्टर बालाघाट के



आदेश पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने 5 मई 26 को आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से एक बार पुनः कटंगी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी को वारासिवनी जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपते हुए मध्यप्रदेश कोष संहिता के नियम 125 के तहत आहरण एवं संवितरण के अधिकार प्रदान कर दिए और उनके साथ ही जनपद पंचायत वारासिवनी की सहायक यंत्री सुश्री सरोज सरैया को प्रशासनिक प्रभार सौंप दिया है।

एक ही जनपद का प्रभार दो अधिकारियों के पास होने से जनपद के संचालन में कई प्रकार की बाधाएॅ आ रही है। क्योंकि सीईओ गायत्री कुमार सारथी कभी कभार ही जनपद पंचायत आ रहे है। वहीं सुश्री सरोज सरैया को भी अपने कार्य के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य देखने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण क्षेत्र के सरपंचों व सचिवों को ग्राम विकास के कार्यो में भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# पुल के पिलर से टकराई बाइक, तड़पते युवक ने तोड़ा दम

### 108 एम्बुलेंस की देरी पर उठे सवाल, ग्रामीण बोले - "समय पर इलाज मिलता तो बच सकती थी जान"

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले के बहेला थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने फिर से जिले की आ पा त का ली न स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी। बहेला नहर के पास पंचम टोला रोड स्थित पुल पर तेज रफ्तार बाइक सीधे पुल के पिलर से जा भिड़ी, जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक पोतन भाईसारे पिता केशों भाईसारे ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार पोतन भाईसारे बहेला से चिचोली की ओर अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 एमएम 8652 से जा रहा था। रात करीब 8:30 बजे अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुल के पिलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गंभीर हालत में पड़ा रहा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण मदद के लिए दौड़े, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि गंभीर घायल युवक को तत्काल 108 एम्बुलेंस क्यों नहीं मिल सकी? स्थानीय लोगों का आरोप है कि एम्बुलेंस और त्वरित चिकित्सा सुविधा समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने में भारी देरी हुई। लगभग 9:20 बजे उसे लांजी सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर भूपेंद्र गिरिया ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई। लोगों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाएं सक्रिय रहतीं, तो शायद युवक की जान बचाई जा सकती थी। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाया गया , जिसका गुरुवार को 10 बजे पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया गया।



## कलेक्टर ने कहा-रेत का अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं, होगी सख्त कार्रवाई

# लालबर्रा क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध रेत बरामद





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले के लालबर्रा क्षेत्र के कामथी में पुलिस प्रधान आरक्षक पर ट्रैक्टर चढ़ाने की घटना के बाद प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।**

गुरुवार को कलेक्टर के निर्देश पर खनिज, राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने गोंगलई और भमोड़ी गांवों में कार्रवाई की।

खनिज विभाग के अनुसार गोंगलई गांव में दुर्गेश लिल्हारे के परिसर में करीब 40 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण मिला। वहीं शासकीय भूमि पर भी लगभग 30 ट्रॉली रेत रखी पाई गई। इसके अलावा मंगल मेश्राम के घर से करीब 8 ट्रॉली रेत बरामद की गई। जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति ने रेत भंडारण से जुड़े वैध दस्तावेज या रॉयल्टी पर्ची प्रस्तुत नहीं की।

कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में उपयोग किए जा रहे 11 ट्रैक्टर जब्त किए गए। इनमें 9 ट्रैक्टर ट्रॉली सहित पकड़े गए। कई वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं मिली, जिस पर परिवहन विभाग ने मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

जब्त रेत और वाहनों पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज किया जा रहा है।


कलेक्टर मृणाल मीणा ने कहा कि जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विधायक को अपने बीच पाकर मुस्लिम समुदाय ने कहा मधु भाऊ ईद मुबारक

# ईदुल-अज़हा कुर्बानी के पर्व पर पहुंचे विधायक मधु भगत ने गले मिलकर दी बधाई







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कुर्बानी का पर्व ईदुल-अज़हा अपने रब को राजी करने के लिए हजरत इब्राहिम के द्वारा पेश की गई कुर्बानी को याद करते हुए पूरे विश्व के मुस्लिम समुदायों के द्वारा आज के दिन कुर्बानी पेश की जाती है। कुर्बानी पेश करने के पूर्व चांगोटोला के मुस्लिम समुदाय मऊ ईदग़ाह (कब्रिस्तान) पर नमाज अदा करने के लिए पहुंचे थे, क्षेत्र के विधायक माननीय मधु भगत के द्वारा ईदुल-अज़हा पर पहुंचकर सभी मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। माननीय विधायक ने अपने वक्तव्य पर कहा हमारे देश में विभिन्न प्रकार के त्यौहार मनाए जाते हैं। हम सब हिंदू-मुस्लिम मिलकर एक दूसरे के पर्व में सम्मिलित होकर एक दूसरे को बधाई देते हैं वास्तव में यही असली हिंदुस्तान है, मिलजुल कर रहना हमारी परंपरा है।इनकी उपस्थिति रही- पूर्व सरपंच अहमद कादरी, पत्रकार सलीम शाह, डॉ अब्दुल सलाम शाह, चांगोटोला सरपंच प्रमोद ठाकरे, अंजुमन इस्लामीया के सदर महफूज शाह, खजांची आबिद शाह, छूट्टन भाई, इसरार अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम भाई उपस्थित रहें।

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदुल-अज़हा का पर्व

### ईदगाह में अदा की गई विशेष नमाज, लोगों ने एक दूसरे को लगाया गले, ईद की दी बधाई



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यालय सहित पूरे जिले में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा गुरुवार, 28 मई को ईदुल अजहा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम बंधुओं ने ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पर्व को लेकर विशेष रौनक देखी गई।

यह पर्व अल्लाह के नबी हजरत इब्राहिम और हजरत इस्माईल की याद में मनाया जाता है, जिसे कुर्बानी का पर्व भी कहा जाता है। पुलिस लाइन स्थित ईदगाह में मौलाना मोहम्मद शमशीर हक साहब ने नमाज अदा कराई, जबकि जामेआ नूरिया मदरसे में मौलाना आफताब साहब ने नमाज पढ़ाई।

कुर्बानी के इस पर्व की शुरुआत गुरुवार सुबह फज्र की नमाज के साथ हुई। इसके उपरांत ईदगाहों और विभिन्न मस्जिदों में निर्धारित समय पर सामूहिक रूप से ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई। विशेष नमाज के बाद मुस्लिम बंधुओं ने देश में अमन-चैन, शांति, आपसी भाईचारे और राष्ट्र की तरक्की के लिए सामूहिक दुआएं मांगीं।

ईदुल अजहा के इस खास मौके पर विशेष नमाज और पर्व को लेकर जगह-जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में भी पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। जिले में यह पर्व हर साल की तरह इस साल भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# नपा की कार्रवाई : नलों में मोटर लगाकर पानी खींचने वालों पर शिकंजा

## जलप्रदाय विभाग ने 7 मोटर पंप किए जब्त, सीएमओ बोले- अभियान आगे भी रहेगा जारी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर में गहराते जलसंकट के बीच नगरपालिका ने नलों में मोटर लगाकर अतिरिक्त पानी खींचने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। नगरपालिका के जलप्रदाय विभाग ने गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाकर विभिन्न वार्डों से 7 मोटर पंप जब्त किए हैं। ये मोटरें नल कनेक्शन में लगाकर पानी खींचने के लिए उपयोग की जा रही थीं, जिससे अन्य नागरिकों को पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही थी।

नगर में लगातार बढ़ती गर्मी और जलस्तर में गिरावट के कारण पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई है। कई वार्डों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, वहीं नलों से भी सीमित मात्रा में पानी मिल रहा है। ऐसे में कुछ लोगों द्वारा टिल्लू पंप लगाकर अधिक पानी खींचने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद नगरपालिका प्रशासन ने सख्त कदम उठाया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उइके के निर्देश पर जलप्रदाय विभाग ने वार्ड क्रमांक 33 सहित अन्य वार्डों में छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान 7 मोटर पंप बरामद किए गए, जिन्हें जब्त कर संबंधित लोगों के खिलाफ पंचनामा तैयार किया गया है। नगरपालिका द्वारा इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

सीएमओ सूर्यप्रकाश उइके ने बताया कि नगर में लगातार मुनादी कर नागरिकों को नल कनेक्शन में मोटर पंप नहीं लगाने की समझाइश दी जा रही थी। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर अतिरिक्त पानी खींच रहे थे, जिससे अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हो रही थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान उपयंत्री ज्योति मेश्राम, जलप्रदाय शाखा प्रभारी भुवनेश्वर शिव, राजकुमार कावरे, पुनीत बिसेन, संदीप श्रीवास्तव, शंकर, मुन्ना, गोविंद, विनोद, रामप्रसाद, भीकू एवं संतोष नागेश्वर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द उपार्जन हेतु पंजीयन शुरू

**बालाघाट।** बालाघाट समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिए बालाघाट जिले में किसानों का पंजीयन 25 मई 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई है। कृषि एवं सहकारिता विभाग ने अधिक से अधिक किसानों से समय सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में 13 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सेवा सहकारी संस्था लांजी, सेवा सहकारी संस्था खैरलांजी, बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था बारासिवनी, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था लामता, सेवा सहकारी समिति मर्यादित पायली, सेवा सहकारी समिति मर्यादित मिरेगांव, सेवा सहकारी समिति मर्यादित डोकरबंदी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित बड़गांव-किरनापुर, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कायदी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित मानेगांव-बिरसा एवं सेवा सहकारी समिति बनेरा शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मूंग एवं उड़द पंजीयन केंद्रों की स्थापना ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी है। संबंधित समिति प्रबंधकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल पर लॉगइन कर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर पहुंचकर समय सीमा के भीतर अपना पंजीयन कराएं, ताकि समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त किया जा सके।

## वृद्ध बैगा महिला के घर का हैंडपंप सुधरा, नल-जल योजना बहाल करने के निर्देश

# ग्राम नाटा में पेयजल संकट पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विगत दिनों सोशल मीडिया एवं विभिन्न समाचार माध्यमों में ग्राम नाटा (पंडाटोला), तहसील परसवाड़ा में पेयजल संकट तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की वृद्ध महिला श्रीमती लालती बाई मेरावी को पानी की समस्या होने संबंधी समाचार प्रमुखता से प्रसारित हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन बालाघाट ने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की है।

27 मई 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) परसवाड़ा श्री श्रीष प्यासी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के एसडीओ, संबंधित उपयंत्री एवं तकनीकी अमले ने ग्राम नाटा का संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था की विस्तृत जांच कर मौके पर ही आवश्यक सुधारात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में पाया गया कि वृद्ध महिला श्रीमती लालती बाई मेरावी के घर के सामने स्थित हैंडपंप दो दिन पूर्व तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया था। पीएचई विभाग की मैकेनिक टीम ने तत्काल मरम्मत कार्य करते हुए हैंडपंप को पुनः चालू कर दिया। वर्तमान में वहां सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।



संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि पंडा टोला में जल-शोधन योजना की मोटर चोरी हो जाने तथा बीजा टोला में नए ट्यूबवेल में मोटर स्थापित नहीं होने के कारण नल-जल योजना प्रभावित थी। इस पर प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश जारी करते हुए आगामी दो दिनों के भीतर नई मोटर स्थापित कर जलप्रदाय बहाल करने को कहा गया था। समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर वैधानिक एवं अनुबंधात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी।

पीएचई विभाग द्वारा आज दिनांक 28 मई को ग्राम पंडा टोला नाटा में सोलर पंप स्थापित कर मोटर के माध्यम से जलप्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित नवीन सड़क के कारण एमडीपीई (MDPE) कनेक्शन पाइप दब गए हैं, जिनके सुधार का कार्य लगभग 3 दिवस में पूर्ण कर सभी घरों में नल के माध्यम से जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। ग्राम की अन्य बसाहट बीजा टोला में विभाग द्वारा सिंगल फेज मोटर स्थापित कर स्पॉट पर जलप्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है।

ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पंडा टोला एवं बीजा टोला क्षेत्र के सभी हैंडपंपों का संधारण एवं सुधार कार्य भी पूर्ण करा लिया गया है। वर्तमान में सभी हैंडपंपों से नियमित जल आपूर्ति की जा रही है।

निरीक्षण दल ने ग्राम नाटा के अन्य टोलों — पटेल टोला, नाका टोला एवं नीमटोला का भी भौतिक सत्यापन किया, जहां नल-जल योजना सुचारू रूप से संचालित पाई गई। इसके अलावा समीपवर्ती ग्राम बरिया, मुन्नू टोला एवं नरवरी टोला में भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित योजनाएं नियमित रूप से संचालित पाई गईं।

एसडीएम परसवाड़ा श्री प्यासी ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचाः नौतपा में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

**बालाघाट।** बालाघाट में नौतपा के चौथे दिन तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अत्यधिक गर्मी के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और लोग चेहरे ढककर बाहर निकलने को मजबूर हैं। इससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

गर्मी से बचाव के लिए लोग गमछे और अन्य साधनों का उपयोग कर रहे हैं। तापमान बढ़ने से शीतल पेयजल, लस्सी, गन्ने का रस और अन्य पेय पदार्थों की मांग में भारी वृद्धि हुई है।

शहर में रस बाहर के संचालक ललित साहनी ने बताया कि गर्मी बढ़ने से लस्सी और रसों की बिक्री बढ़ी है। विशेषकर लस्सी की मांग अधिक है, जिसके कारण प्रतिदिन 70 से 80 लीटर दही की खपत हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अत्यधिक गर्मी से व्यापार अच्छा हो



रहा है, लेकिन लोगों के कम बाहर निकलने से धंधे पर भी असर पड़ता है।

जिले में बढ़ती गर्मी और तापमान को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने लोगों से अपील की है कि वे आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और अपनी त्वचा को ढककर रखें। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है और अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉ. जैन ने बाहर का खाना और तेल-जंक फूड का सेवन कम करने की सलाह भी दी।

# नगर परिषद लेखापाल की मनमानीः बिना एनओसी के कर रहे मकान निर्माण और तालाब की भूमि में किया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की नगर परिषद कटंगी में पदस्थ लेखापाल अशोक दुबे के द्वारा बिना एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के मकान निर्माण का मामला सामने आया है। यह मामला तब उजागर हुआ जब पड़ोसी नरेश कटारिया ने एक गली की जगह को लेकर आपत्ति दर्ज की। शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य नहीं रुका और इससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। छतेरा रोड पर अशोक दुबे द्वारा किए जा रहे निर्माण को लेकर पड़ोसी नरेश कटारिया ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राधेश्याम चौधरी और उपयंत्री राजेश चौकसे से शिकायत की। सीएमओ ने कार्य रुकवाने का आश्वासन दिया, लेकिन निर्माण कार्य जारी रहा। इससे स्पष्ट होता है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे। नरेश कटारिया ने सीएमओ को शिकायत में बताया कि लेखापाल अशोक दुबे बिना एनओसी लिए ही मकान का निर्माण कर रहे है। नरेश कटारिया ने बकायदा 4 दिन पहले नगर परिषद में एक आवेदन लगाकर मकान निर्माण के लिए अशोक दुबे के द्वारा ली गई एनओसी की प्रतिलिपि की मांग रखी। उपयंत्री राजेश चौकसे ने यह प्रतिलिपि बुधवार 27 मई तक आवेदक को नहीं दी। जिससे प्रतीत हो रहा है कि उपयंत्री भी लेखापाल को विभागीय संरक्षण दे रहे है। बता दें कि अशोक दुबे ने बड़ा तालाब की भूमि पर भी अवैध कब्जा कर दुकान का निर्माण किया है। इस दुकान को किराए पर देकर वह आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। -

**नगर परिषद के दोहरे मापदंडः** शहर में अगर आम नागरिक यदि बिना एनओसी के निर्माण करते हैं तो नगर परिषद तत्काल कार्रवाई करती है। लेकिन



जब नगर परिषद का लेखापाल नियमों को ताक पर रखकर निर्माण करता है, तो जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। सीएमओ अपने ही मातहत कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। वहीं सीएमओ के मौखिक निर्देश को लेखापाल नजरअंदाज कर रहे है। खैर, यह दोहरा रवैया प्रशासन की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह मामला नगर परिषद की प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। जब जिम्मेदार अधिकारी ही नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आम जनता से नियम पालन की अपेक्षा करना बेमानी है। इस पूरे मामले को लेकर जब उपयंत्री राजेश चौकसे से संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। जबकि सीएमओ शिकायतकर्ता को लगातार कार्रवाई करने का झूठा आश्वासन देते रहे।

**नगर परिषद में दो कर्मचारियों का दबदबाः** नगर परिषद कटंगी में लेखापाल अशोक दुबे और उपयंत्री राजेश चौकसे लंबे समय से अपनी मनमानी चला रहे हैं। इनका दबदबा इतना है कि जनप्रतिनिधि पार्षद और अध्यक्ष भी इनके सामने बेबस नजर आते हैं। मौजूदा विधायक गौरव सिंह पारधी से इन दोनों कर्मचारियों की शिकायतें की गईं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनचर्चा है कि विधायक भी इन कर्मचारियों पर मेहरबान हैं। इससे यह संदेह और गहरा होता है कि भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। विगत दिनों जब उपयंत्री राजेश चौकसे ने विधायक आवास के सामने अपनी भूमि पर बाउंड्रीवॉल तान दी और विधायक आवास तक जाने का प्रमुख मार्ग बंद हो गया तो विधायक भी मुंह ताकते रह गए। दिलचस्प बात तो यह है कि इन दोनों कर्मचारियों को न वरिष्ठ अधिकारियों का डर है और न ही नेताओं का। अफसरों और नेताओं को गुमराह कर आर्थिक लाभ पहुंचाने की चर्चाएं आम हैं।

## कटंगी में मनाई गई बकरीद, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ के साथ अदा की गई नमाज

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** देश भर में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व बड़े ही उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व इस्लाम धर्म में त्याग, बलिदान और ईमानदारी का प्रतीक माना जाता है। कटंगी नगर में भी इस अवसर पर सुबह से ही धार्मिक और सामाजिक उत्सव का माहौल रहा। ईदगाह में विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें नगर के मुस्लिम भाईयों के साथ प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस महकमा भी मौजूद रहा। सुबह ठीक साढ़े 8 बजे कटंगी ईदगाह में विशेष नमाज का आयोजन हुआ। मौलाना सिद्धिक रजा ने नमाज अदा करवाई और इस अवसर पर देश में अमन-चैन, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की दुआ मांगी गई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार राकेश प्रजापति और पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि धार्मिक पर्व केवल एक समुदाय का नहीं बल्कि पूरे समाज का उत्सव है। प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। बकरीद के अवसर पर केवल मुस्लिम समुदाय ही नहीं बल्कि अन्य समुदायों के लोग भी ईदगाह पहुंचे और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। यह दृश्य नगर में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश करता है।



प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com